दिनांक 28.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

(बड़े नाला–नालियों की सफाई चैन माउंटिंग एवं जेसीबी द्वारा)

भिलाईनगर/ निगम का स्वास्थ्य अमला, सभी जोन अंतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए निगम क्षेत्र के बड़े नालों, नाली तथा ऐसे स्थान जहॉ पर वर्षा का पानी जाम हो जाता है ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करके सफाई का कार्य बड़े पैमाने पर की जा रही है विगत् दिनों नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को सक्त निर्देश देते हुए क्षेत्र की साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष प्राथमिकता देने की बात कही गई थी आयुक्त के निर्देशानुसार ही निगम का स्वास्थ्य अमला जोन आयुक्त के मार्गदर्शन में ऐसे स्थानों को चिन्हित कर कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। ऐसे स्थान जहां बारिश का पानी जाम हो जाता है उन स्थानों का पूर्व में ही चिन्हांकित किया जा चुका है ऐसे स्थानों की सफाई व्यवस्था स्वास्थ्य अमला द्वारा किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी स्तर के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने–अपने वार्ड में सफाई कार्य किये जाने के दौरान उन स्थानों पर भी विशेष ध्यान देवें जहां वर्षा ऋतु का पानी का जमाव हो जाता है ऐसे स्थानों पर पानी निकासी की व्यवस्था तत्काल कर ली जावे ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा जहां संधारण की आवश्यकता हो ऐसे स्थानों के संबंध में तत्काल उच्चाधिकारी को सूचित करें। वार्ड के नागरिकों से अपील करें कि घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को नाली न में डालें आपके घर आने वाले सफाई मित्र को देवें जिससे नाली के माध्यम से बहने वाली पानी का बहाव सुगम तरीके से प्रवाहित हो सके।

स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षकों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को अपने–अपने वार्डों में चल रहे साफ–सफाई, एकत्रित कचरें को उठायें जाने की व्यवस्था, बड़े नाले एवं नालियों की सफाई कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें कार्य में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी के उपर कार्यवाही की जावेगी।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वयं जोन अनुविभाग में चल रहे सफाई व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय, निजी शौचालय, ट्रेचिंग ग्राउण्ड सब्जी मार्केट, सड़क, नाली, तालाब, उद्यान एवं सार्वजनिक स्थल का निरीक्षण करें तथा आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए बारिश का पानी किसी भी नाली, नालों सहित चिन्हित स्थानों में जमाव न हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर लेंवे।

स्वास्थ्य अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि निगम द्वारा चलाये जा रहे नियमित सफाई व्यवस्था में आप अपना पूर्ण सहयोग देवें तथा घर से निकलने वाले गीले व सुखे कचरे को निर्धारित अलग–अलग डस्टबीन में ही रखकर सफाई मित्रों (रिक्शा) को दें तथा आप लोगों के घर के सामने से गुजरने वाली नालियों में कचरा न फेंके कचरा जाम हो जाने के कारण नालियों में बहने वाले पानी का बहाव रुक जाता है जिससे मौसमी बिमारी होने का खतरा बना रहता है।

जनसंपर्क अधिकारी

9425673447 GAUTAM SALES
oppo
oppo
COMIO
कंचन